तेजयुग न्यूज़ हरियाणा



# जिलाधीश ने गुरुग्राम जिला में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे की सुरक्षा के मद्देनजर ड्रोन आदि के प्रयोग पर लगाई रोक

तेजयुग न्यूज़

**गुरुग्राम, 1 मार्च।** जिलाधीश निशांत कुमार यादव ने अपराध प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए 2 मार्च को गुरुग्राम जिला में मानवरहित हवाई वाहन (ड्रोन इत्यादि) के प्रयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है।

जिलाधीश द्वारा जारी किए गए




आदेशों में कहा गया है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल 2 मार्च को गुरूग्राम दौरे पर रहेंगे। ऐसे में गुरूग्राम में सुरक्षा के मद्देनजर 2 मार्च को मानवरहित हवाई वाहनों के उडने.पर प्रतिबंध रहेगा।

आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा 400 पार का यही समय है और सही समय है : धनखड़



## उत्तर प्रदेश के तीन दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन मेरठ और बागपत पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़

## भाजपा राष्ट्रीय सचिव धनखड़ ने लिया चुनावी तैयारियों का लिया जायजा

## कार्यकर्ता मोदी को फिर से पीएम बनाने के लिए जुट जाएं बोले धनखड़

तेजयुग न्यूज़

**चंडीगढ़, 01 मार्च।** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ उतर प्रदेश में अपने तीन दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन सुबह बागपत और शाम को मेरठ लोकसभा क्षेत्र की चुनावी तैयारियों का पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जायजा लिया। धनखड़ ने कहा कि यही समय है और सही समय है जब सभी बोल रहे हैं भाजपा 400 पार ।उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की आहट के बीच पूरे देश में एक ही आवाज सुनाई दे रही है, अबकि बार भाजपा 400 पार और मोदी केंद्र में फिर से बनाएं सरकार ।

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की मेरठ और बागपत लोकसभा क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं से कहा कि जनता भाजपा के साथ चलने को तैयार है, कार्यकर्ताओं को अति आत्मविश्वास से बचना होगा और जनता के बीच रहकर बेहतर चुनावी प्रबंधन में जुटना होगा।

धनखड़ ने कहा कि भाजपा के पास के मोदी जैसा ओजस्वी नेतृत्व, पन्ना प्रमुख तक मजबूत संगठन और पिछले दस वर्षों में केंद्र व प्रदेशों में भाजपा की सरकारों के उल्लेखनीय कार्य गिनाने व बताने को हैं। मोदी के सशक्त नेतृत्व में देश की सुदृढ़ दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था, गरीब, किसान, श्रमिक हितैषी कल्याण कार्य, सुशासन की नीति और सांस्कृतिक विकास के रिकॉर्ड कार्य हुए हैं। मोदी के नेतृत्व में देश चंद्रमा तक पहुंच गया है। सैन्य आधुनिकीकरण भारत की शक्ति कई गुणा बढ़ी है और दुश्मन थर्राने लगे हैं। धनखड़ ने कहा कि अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण, दिव्य काशी को भव्य काशी बनाना, कश्मीर से धारा 370 हटाना, तीन तलाक का खात्मा करना, हर भारतीय का अमृत काल में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना ऐसे कार्य हैं। जिनसे आम भारतीय का विश्वास भाजपा के प्रति बढ़ा है और इसी विश्वास के साथ देश के विकास की गति को कायम रखने के लिए मोदी को लगातार तीसरी बार पीएम बनाना चाहता है। अब कार्यकर्ताओं को जुटना होगा और हर मतदाता तक पहुंचना होगा।

गौतमबुद्ध नगर पहुंचने पर भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ का स्थानीय नेताओं ने जोरदार अभिनंदन किया। बैठक में सासंद राजेन्द्र अग्रवाल, शिवकुमार राणा , विजयपाल आरती विधायक, अमित अग्रवाल विधायक, विजय शिवहरे एमएलसी, विधायक मंजू शिवाच,सतपाल प्रधान, मयंक गोयल, वेदपाल उपाध्याय, अशोक नागर सहित चुनाव प्रबंधन समिति और प्रबुद्ध वर्ग के पदाधिकारियों ने भागीदारी की।

# लोकसभा चुनाव 2024 : धर्म-अधर्म का युद्ध मोदी-भाजपा-संघी और कांग्रेस-इंडिया गठबंधन के बीच : विद्रोही

## लोकसभा चुनाव 2024 को न्याय व अन्याय के बीच युद्ध, कमेरे व लुटेरे का युद्ध, आजमन व पूंजीपतियों के बीच युद्ध, गरीब व अमीरों के बीच युद्ध, गंगा-जमुनी तहजीब व साम्प्रदायिक उन्माद, नफरत के बीच युद्ध, लोकतंत्र संघी फासीजम के बीच युद्ध बताया : विद्रोही

तेजयुग न्यूज़

स्वयंसेवी संस्था ग्रामीण भारत के अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने लोकसभा चुनाव 2024 को न्याय व अन्याय के बीच युद्ध, कमेरे व लुटेरे का युद्ध, आजमन व पूंजीपतियों के बीच युद्ध, गरीब व अमीरों के बीच युद्ध, गंगा-जमुनी तहजीब व साम्प्रदायिक उन्माद, नफरत के बीच युद्ध, लोकतंत्र संघी फासीजम के बीच युद्ध बताया। विद्रोही ने हरियाणा के सभी नागरिकों व कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं को आगाह किया कि धर्म-अधर्म के बीच का यह युद्ध मोदी-भाजपा-संघी तथा कांग्रेस-इंडिया गठबंधन के बीच होगा। कांग्रेस-इंडिया गठबंधन किसान, मजदूर, कमेरे, पिछडे, दलितों, गरीब व आमजन का प्रतिनिधित्व करता है जबकि मोदी-भाजपा-संघ बडे पूंजीपतियों, लुटेरों, जमाखारों, तस्करों, भ्रष्टाचारियों व साम्प्रदायिक उन्मादी फासिस्ट सोच का प्रतिनिधित्व करते है। कांग्रेस-इंडिया गठबंधन सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लडकर आमजन की आवाज पर सरकार चलाने में विश्वास करता है, वहीं भाजपा-संघ फासिस्ट सोच के



व्यक्तिवादी, तानाशाही प्रवृतति के अफवाहबाज, गिरगिटी रंग बदलने वाले केवल अपनी बात थोपने वाले मोदी जी के बल पर लोकसभा चुनाव लडकर भारत मे हिटलरशाही कायम करना चाहते है।

विद्रोही ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 लोकतंत्र व संविधान बचाने व देश में संघी फासीजम लादने के बीच का युद्ध है। यदि देश के 97 करोड़ मतदाताओं ने संविधान व लोकतंत्र पर आये इस खतरे को नही पहचाना तो भारत में लोकतंत्र एक सजावटी वस्तु में बदल जायेगा।

हरियाणा में कांग्रेस अपने सहयोगी दल आप पार्टी के साथ चुनाव लडेगी। आप पार्टी-कांग्रेस से सुशील गुप्ता कुरूक्षेत्र से संयुक्त उम्मीदवार घोषित हो चुके है और शेष 9 सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवार होंगे जिनके नामों की घोषणा 10 दिन के अंदर होने की पूरी संभावना है। ऐसी स्थिति में हरियाणा की सभी दस लोकसभा सीटों पर कांग्रेस व आप पार्टी कार्यकर्ता मिलकर एकजुटता से चुनाव प्रचार अभियान में अभी से जुट जाये और पूरी आक्रमता के साथ मोदी-भाजपा-संघ की जनविरोधी नीतियों व फासिस्ट सोच को जनता में बेनकाब करें। कांग्रेस व आमजनों को लोकतंत्र व संविधान बचाने की इस लडाई में अपना योगदान देने हरियाणा की सभी दस लोकसभा सीटों से कांग्रेस व इंडिया गठबंधन को भारी मतों से जिताने के लिए संकल्प करना होगा तभी भारत का लोकतंत्र, संविधान व गंगा-जमुनी तहजीब बचेगी।

# चुनाव के दौरान समाचारों पर रखी जाती है विशेष निगरानी

## उम्मीदवारों को मतदान या मतदान के पहले दिन विज्ञापन छपवाने की लेनी होगी अनुमति

## मीडिया मॉनिटरिंग मैनेजमेंट कमेटी की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित



तेजयुग न्यूज़

**गुरूग्राम, 1 मार्च।** निर्वाचन विभाग की ओर से लघु सचिवालय के सभागार में मीडिया मॉनिटरिंग मैनेजमेंट कमेटी की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें चुनाव के दौरान मीडिया प्रबंधन को लेकर चुनाव आयोग के नियमों के बारे में बताया गया।

प्रशिक्षण कार्यशाला में गुरू द्रोणाचार्य कालेज के प्राध्यापक डा. श्रेत्रपाल ने बताया कि चुनाव के दौरान समाचार पत्र, टीवी चैनल, लोकल केबल टीवी, सोशल मीडिया आदि में समाचारों की शुचिता बरकरार रहनी चाहिए। कोई भी फेक या पेड न्यूज मीडिया में नहीं आनी चाहिए। कोई भी संचार माध्यम भ्रामक समाचार प्रसारित करता है तो चुनाव आयोग उसके खिलाफ कार्यवाही कर सकता है। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान राज्य स्तर पर और जिलास्तर पर मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया जाता है। यह कमेटी इस बात का ध्यान रखती है कि कहीं कोई प्रचार माध्यम में कोई अफवाह या गलत समाचार तो नहीं प्रसारित किया जा रहा, जिससे चुनाव में मतदाता भ्रमित होता हो।

डा. श्रेत्रपाल ने कहा कि विज्ञापन या समाचार को लेकर किसी प्रकार की शिकायत है तो उसके लिए निर्वाचन विभाग ने 1950 टोल फ्री नंबर जारी किया हुआ है। चुनाव के समय मतदान से पहले वाले दिन और मतदान के दिन किसी भी उम्मीदवार को टीवी चैनल या अखबार में विज्ञापन प्रसारित करवाना है तो उसके लिए एमसीएमसी कमेटी से प्री सर्टिफिकेट लेना होगा। उन्होंने बताया कि इस विज्ञापन के लिए भारत निर्वाचन आयोग से रजिस्टर्ड राजनैतिक पार्टी के उम्मीदवार को तीन दिन पहले और बाकी उम्मीदवारों को सात दिन पहले कमेटी के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत करना होगा। कमेटी विज्ञापन सामग्री की जांच कर दो दिन में अपनी स्वीकृति या अस्वीकृति प्रदान करेगी।

उन्होंने बताया कि चुनाव की मीडिया कवरेज के लिए मीडियाकर्मियों को दो तरह के पास जारी किए जाएंगे। इनमें से एक मतदान के दिन के लिए होगा और दूसरा मतगणना के लिए जारी किया जाएगा। डा. क्षेत्रपाल ने कहा कि पंपलेट, इश्तहार, बैनर, एलईडी आदि विज्ञापन सामग्री के लिए भी चुनाव आयोग ने वर्ष 2012 से अपनी दरें निर्धारित की हुई हैं। उन्हीं के अनुसार उम्मीदवार के चुनाव खर्च में धनराशि को जोड़ा जाएगा। निर्वाचन आयोग ने मतदाता जागरूकता के लिए भी स्वीप नाम से अभियान चलाया हुआ है। इससे जुड़े समाचारों को विशेष प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के संयुक्त निदेशक रणबीर सांगवान, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बिजेंद्र कुमार, चुनाव तहसीलदार राजेंद्र सिंह, सहायक सौरभ, विभिन्न विभागों से मोहित, मनोज, कमल कुमार, मनीष, अमरजीत इत्यादि मौजूद रहे।

# हरियाणा में योगशालाओं सहित 500 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्थापित किए जाएंगे : अनिल विज

## चिरायु-आयुष्मान भारत योजना का लाभ लेने के लिए बढ़ाया गया दायरा : अनिल विज

## पीजीआई रोहतक में शीघ्र लीवर प्रत्यारोपण का कार्य किया जाएगा शुरू

## कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा 1 जनवरी, 2024 से सभी नियमित सरकारी कर्मचारियों के लिए लागू



तेजयुग न्यूज़

**चण्डीगढ़, 1 मार्च।** हरियाणा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि राज्य में योगशालाओं सहित 500 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए बजट में प्रावधान किया गया है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने कहा कि सरकार आयुष चिकित्सा पद्धति के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल के दृष्टिकोण को इलाज की अपेक्षा रोगों की रोकथाम की ओर केन्द्रित करना चाहते हैं।

उन्होंने बताया कि सभी नियमित सरकारी कर्मचारियों के लिए कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा 1 जनवरी, 2024 से लागू कर दिया गया है। इसका उद्देश्य कर्मचारियों की जेब पर स्वास्थ्य-देखभाल के व्यय का भार को कम करना है।

श्री विज ने कहा कि इसके लिए अब तक 556 सूचीबद्ध अस्पतालों को शामिल किया गया है और 1340 उपचार पैकेजों को इस योजना के पोर्टल पर एकीकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि यह सरकारी कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करेगा और उनके परिवार की स्वास्थ्य देखभाल लागत को वहन करने में महत्वपूर्ण राहत प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष से प्रदेश में चिरायु-आयुष्मान भारत योजना का लाभ उन परिवारों को भी देना शुरू किया था, जिनकी परिवार पहचान पत्र में वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से 3 लाख रुपये तक थी। इसके लिए उन्हें 1500 रुपये का वार्षिक भुगतान करना होता है। लेकिन प्रदेश के वित वर्ष 2024-25 में इसका विस्तार किया गया है अब चिरायु-आयुष्मान भारत योजना का लाभ उन परिवारों तक बढ़ाया गया है जिनकी वार्षिक आय 3 लाख से 6 लाख रुपये है। वे लोग 4000 रुपये के वार्षिक योगदान का भुगतान करके इस योजना का लाभ ले सकते हैं। इसके अलावा 6 लाख रुपये से अधिक की वार्षिक आय वर्ग वाले लोग भी 5000 रुपये के वार्षिक योगदान का भुगतान करके इसका लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, रोहतक द्वारा किडनी प्रत्यारोपण शुरू किया गया है और अब शीघ्र ही लीवर प्रत्यारोपण का कार्य भी शुरू किया जाएगा, जिसके लिए स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

# सीएम विंडो कार्यक्रम की प्रभावी बनाने के लिए नई एसओपी तैयार

तेजयुग न्यूज़

**चंडीगढ़, 1 मार्च।** हरियाणा सरकार ने सीएम विंडो कार्यक्रम की प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए नई मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) तैयार की हैं, जिसका उद्देश्य सीएम विंडो पोर्टल पर दर्ज शिकायतों और समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना है।

मुख्यमंत्री के सीएम विंडो सलाहकार श्री देवेन्द्र सिंह द्वारा सभी प्रशासनिक सचिवों और उपायुक्तों को लिखे पत्र में कहा है कि सीएम शिकायत पोर्टल को ऑटो अपील सिस्टम (एएएस) के साथ एकीकृत किया गया है। हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के तहत अधिसूचित सेवा संबंधी कमियों से संबंधित सभी शिकायतें तुरंत ऑटो अपील सिस्टम को भेज दी जाएंगी। इसके बाद शिकायतें विभाग के उपयोगकर्ता नोडल अधिकारी के खाते में दिखाई देने लगेगी, जो इसे एएएस के नामित अधिकारी को आगे भेज देगा।

आरटीएस अधिनियम के अंतर्गत सेवा में कमी आती है तो ऐसा करने



के बाद नामित अधिकारी द्वारा की जाने वाली संबंधित शिकायतों से यह पता चलेगा कि नागरिक ने उचित माध्यम से सेवा के लिए आवेदन किया है या नहीं। उस समय नोडल अधिकारी को यह सुनिश्चित करना होगा कि नामित अधिकारी शिकायत प्राप्त होने के 30 दिनों के अन्दर नागरिक को कॉल करेगा और उसे उचित माध्यम से सेवा के लिए आवेदन करने की सुविधा देगा। एक बार यह सेवा लागू हो जाने पर अधिकारी आवेदन के प्रासंगिक विवरण के साथ एक अंतरिम उत्तर अपलोड करेगा। इसके बाद किसी भी अधिकारी या सीएम कार्यालय के अधिकारी को ऑटो अपील सिस्टम शिकायत वापस करने की अनुमति नहीं होगी।

अपडेट एसओपी के अनुसार अब कॉल सेंटर से फीडबैक, रिकॉर्डिंग और टिप्पणियां सीएम कार्यालय द्वारा की गई कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) जमा करने से पहले प्रशासनिक सचिव और सभी अधिकारियों के लिए उपलब्ध होंगी। क्योंकि शिकायत करने वाले अधिकारी द्वारा अपलोड की गई एटीआर तत्काल वरिष्ठ अधिकारी के अलावा कॉल सेंटर को भेज दी जाएगी। यदि, विभाग के समाधान के दावे और कॉल सेंटर द्वारा प्राप्त नागरिक की प्रतिक्रिया के बीच विरोधाभास होगा तो यह समझा जाएगा कि वांछित शिकायत का समाधान नहीं हुआ है। ऐसे मामले को प्रशासनिक सचिव द्वारा आवश्यक स्पष्टीकरण हेतु विभाग के नामित अधिकारी को वापस भेजने की आवश्यकता होगी। इस बदलाव को पोर्टल में भी शामिल कर लिया गया है। इसलिए ऐसी स्थिति से बचने के लिए पदानुक्रम में अधिकारी व वरिष्ठ अधिकारियों को कोई एटीआर भेजने से पहले नागरिक की प्रतिक्रिया से गुजरना पड़ेगा।

संशोधित एसओपी में यह भी कहा गया है कि अब सीएम विंडो पोर्टल के माध्यम से प्राप्त सभी शिकायतों का तदनुसार वर्गीकरण करना होगा। यह वर्गीकरण शिकायतों में पहचान करने, विशिष्ट बिंदुओं को संबोधित करने और हल करने के लिए एक व्यवस्थित दृष्टिकोण में सक्षम होगा। इससे मौजूदा नीति व्यवस्था में आवश्यक हुआ तो नीतिगत बदलावों को लागू करने में भी मदद मिलेगी। उदाहरण के लिए, यदि किसी विशेष नीति, योजना से संबंधित बड़ी संख्या में शिकायतें प्राप्त होती हैं, तो विभाग को उस विशेष नीति में इस तरह से संशोधन करना पड़ सकता है ताकि नागरिक की शिकायतों को कम किया जा सके। अन्य श्रेणी के तहत शिकायतों को आदर्श रूप से शून्य या न्यूनतम पर लाया जाना चाहिए और इसे प्राप्त करने के लिए प्रशासनिक सचिवों को अब अपने संबंधित खातों में अपनी श्रेणियां बनाने का अधिकार दिया गया है।

# पूरा देश दे रहा है 400 पार का नारा, प्रदेश की जीतेंगे सभी दस सीटें : राव नरबीर

तेजयुग न्यूज़

**गुरुग्राम।** हिसार, सिरसा व रोहतक लोकसभा के कलस्टर प्रभारी तथा वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार हर वर्ग को लाभांवित करने के लिए विभिन्न योजनाएं क्रियानवित कर रही है। जिससे देश का प्रत्येक वर्ग लाभानवित हो रहा है। देश को फर्श से अर्श पर पहुंचाने का कारनाम कर दिखाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यप्रणाली से इस बार पूरा देश 400 पार का नारा दे रहा है। प्रदेश की जनता भी यही कह रही है कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व में आगामी लोकसभा चुनाव में तमाम दस सीटें भाजपा की झोली में डाली जाएगी।



राव नरबीर सिंह शुक्रवार को फतेहाबाद कार्यालय में सिरसा लोकसभा तथा हिसार कार्यालय में हिसार लोकसभा की कलस्टर स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2014 से पूर्व देश की परिस्थितियां किसी से छिपी नहीं है, लेकिन उसके बाद प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी द्वारा देश की सत्ता संभालने के बाद हालात किस कदर बदले हैं, वह सभी के सामने हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर वर्ग को लाभानवित करने के लिए विभिन्न योजनाएं क्रियानवित की गई। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, बेटी बचाओं-बेटी पढाओं, सुरक्षित मातृत्व, सुमन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, जनधन योजना, गरीबों को घर आदि असंख्य ऐसी योजनाएं है, जिन्होंने आम आदमी के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का कार्य किया है। देश का कायाकल्प करने वाले प्रधानमंत्री के कार्यों को देखते हुए आज पूरा देश 400 पार का नारा दे रहा है। इसलिए सभी कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाए। पार्टी के सभी प्रकोष्ठ एवं विभाग अपने-अपने क्षेत्र में कार्य करते हुए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाएं तथा नवमतदाताओं तथा युवाओं पर विशेष ध्यान दें।

पूर्व मंत्री ने कहा कि पिछली बार भी विपक्ष ये कह रहा था कि भारतीय जनता पार्टी दुबारा सत्ता में नहीं आएगी और आएगी तो पूर्ण बहुमत नहीं मिलेगा, लेकिन देश की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी पर पूरा भरोसा किया और दूसरी बार सत्ता में लाने के लिए प्रधानमंत्री का साथ दिया। इस बार भी जनता 400 पार करवाने में एनडीए का पूरा साथ देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा पहली ऐसी पार्टी है जिसने मैरिट के आधार पर बिना खर्ची-पर्ची के नौकरियां दी है। पिछले दस सालों में देश में जितनी तरक्की और विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के करिश्माई नेतृत्व से देश विश्व की पांच बड़ी अर्थव्यवस्था में शामिल हो गया है और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जल्द ही तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रही है।

इस मौके पर सिरसा से सांसद सुनीता दुग्गल, लोकसभा सिरसा संयोजक आदित्य चौटाला, फतेहाबाद विधायक दुडाराम, रतिया विधायक लक्ष्मण नाभा, अशोक तंवर, जिला अध्यक्ष फतेहाबाद बलदेव ग्रोहा, जिला अध्यक्ष सिरसा निताशा सिहाग, डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, हिसार लोकसभा संयोजक रवि सैनी, हांसी विधायक विनोद भ्याना, पूर्व विधायक प्रेमलता, व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन श्रीनिवास गोयल, हिसार जिलाध्यक्ष डा. आशा खेदड़ सहित काफी संख्या में प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।


# हरियाणा सरकार ने संपतति कर दाताओं को प्रॉपर्टी टैक्स में ब्याज व अन्य छूट की अंतिम तिथि को किया 31 मार्च

## संपततिकर दाताओं को 31 तक मार्च 2023 तक के प्रॉपर्टी टैक्स के ब्याज में शत प्रतिशत छूट के साथ बकाया राशि में मिलेगी 15 प्रतिशत की छूट

तेजयुग न्यूज़

**चण्डीगढ़, 1 मार्च।** हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार ने आम जनता के हितों का ध्यान रखते हुए संपततिकर दाताओं की सुविधा के लिए प्रॉपर्टी टैक्स के ब्याज व अन्य छूट की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 31 मार्च कर दिया है। उन्होंने कहा कि अब 31 मार्च, 2024 तक मार्च 2023 तक के प्रॉपर्टी टैक्स के ब्याज पर शत प्रतिशत छूट व बकाया मूल राशि पर 15 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। इसके अलावा वर्ष 2023-24 के प्रॉपर्टी टैक्स पर 15 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

डॉ. गुप्ता ने नगर निगम क्षेत्र में आने वाली सभी संपततिकर दाताओं से अपील करते हुए कहा कि वह तुरंत अपनी प्रॉपर्टी को स्व-प्रमाणित करके इस छूट का लाभ उठाएं।



उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में आने वाले उन संपतिकरदाताओं को नोटिस दिए जा रहे हैं, जिन्होंने काफी समय से अपना संपतिकर नगर निगम कोष में जमा नहीं करवाया है। नोटिस के बाद भी अगर जो संपतिकर दाता अपना संपततिकर जमा नहीं करवाता तो उसकी संपतति को नगर निगम एक्ट 1994 धारा के अंतर्गत सीलिंग किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि अगर किसी व्यक्ति को संपतिकर से संबंधित विवरण जैसे नाम, एरिया, वर्ग इत्यादि में कोई त्रुटि है तो वह ऑनलाइन पोर्टल https://ulbhryndc.org में आपतति दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा संपततिकरदाता नगर निगम एरिया में अपनी प्रॉपर्टी डाटा की संतुष्टि करके स्व-प्रमाणित करने पर प्रॉपर्टी टैक्स में छूट प्रदान की गई है।